प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

<u>प्रसारण तिथि : 25.01.2026</u> <u>प्रसारण समय : 19:20 बजे</u>
<u>मुख्य समाचार :–</u>

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को किया संबोधित : कहा– राष्ट्र प्रथम की भावना से काम करते हुए देशवासी अपने गणतंत्र को और गौरवशाली बनायं।
2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आकाशवाणी स मन की बात कार्यक्रम में लोगों से साझा किये विचार : कहा– भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से कर रही है प्रगति।
3. पद्म पुरस्कारों का हुआ ऐलान : राज्य के एन. राजम को पद्म विभूषण और 10 विभूतियों को पद्म श्री से जायेगा नवाजा।

और

4. गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में तैयारियां पूरी : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल विधान भवन के सामने लेंगी परेड की सलामी।

————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित किया। अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि आज के दिन, 25 जनवरी को हमारे देश में ‘राष्ट्रीय मतदाता दिवस’ मनाया जाता है। जनप्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिए हमारे वयस्क नागरिक

उत्साहपूर्वक मतदान करते हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर मानते थे कि मताधिकार के प्रयोग से राजनैतिक शिक्षा सुनिश्चित होती है। बाइट......

*प्यारे देशवासियों, आज के दिन यानी 25 जनवरी को हमारे देश में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। जनप्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिए हमारे व्यस्क नागरिक उत्साहपूर्वक मतदान करते हैं। बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर मानते थे कि मताधिकार के प्रयोग से राजनीतिक शिक्षा सुनिश्चित होती है। हमारे मतदाता बाबा साहेब की सोच के अनुरूप अपनी राजनीतिक जागरूकता परिचय दे रहे।*

राष्ट्रपति ने कहा कि देशवासी हमारे जीवंत गणतन्त्र को शक्तिशाली बना रहे हैं। हमारी तीनों सेनाओं के बहादुर जवान, मातृभूमि की रक्षा के लिए सदैव सतर्क रहते हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के क्षेत्र में हमारी आत्मनिर्भरता से आपरेशन सिन्दूर की सफलता को शक्ति मिली है। बाइट....

*पिछले वर्ष हमारे देश ने ऑपरेशन सिंदूर के द्वारा आतंकवाद के ठिकाने पर सटीक प्रहार किया। आतंक के अनेक ठिकानों को ध्वस्त किया गया तथा बहुत से आतंकवादियों को उनके अंजाम तक पहुंचाया गया। सुरक्षा के क्षेत्र में हमारी आत्मनिर्भरता से ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता को शक्ति मिली।*

राष्ट्रपति ने कहा कि हमारी बहनें, बेटियां परम्परागत रूढ़ियों को तोड़कर आगे बढ़ रही है। महिलाएं देश के समग्र विकास में सक्रिय योगदान दे रही है। बाइट.....

*विकसित भारत के निर्माण में नारी शक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। उनके बढ़ते हुए योगदान से हमारा देश महिला पुरुष समानता पर आधारित समावेशी गणतंत्र का उदाहरण प्रस्तुत करेगा। समावेशी सोच के साथ वंचित वर्गों के कल्याण और विकास के लिए अनेक योजनाओं को कार्य रूप दिया जा रहा है।*

राष्ट्रपति ने कहा कि किसानों ने हमारे देश को खाद्यान में आत्मनिर्भर बनाया है। अन्नदाता किसान हमारे समाज के और अर्थव्यवस्था के मेरूदंड हैं। बाइट......

*हमारे अन्नदाता किसान हमारे समाज के तथा अर्थव्यवस्था के मेरुदंड है। किसानों के परिश्रमी पीढ़ियों ने हमारे देश को खाद्य धान्य में आत्मनिर्भर बनाया है। किसानों के परिश्रम के बल पर ही हम कृषि आधारित उत्पादों का निर्यात कर पा रहे हैं। उन्हें किसानों में सफलता के अत्यंत प्रभावशाली उदाहरण प्रस्तुत किए हैं।*

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत का संविधान अब आठवीं अनुसूची में शामिल सभी भाषाओं में उपलब्ध है। इससे आत्म गौरव की भावना मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर राष्ट्र प्रथम की भावना से काम करते हुए अपने गणतंत्र को और भी गौरवशाली बनाये।

———————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से विकसित हो रही है और पूरे विश्व की नजर भारत पर है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में आज लोगों से अपने विचार साझा करते हुए श्री मोदी ने देशवासियों, विशेषकर उद्योग जगत और युवाओं से देश में विनिर्मित हर चीज की गुणवत्ता में सुधार का संकल्प लेने का आग्रह किया। बाइट......

*हम जो भी मैन्युफैक्चर कर रहे हैं उसकी क्वालिटी को बेहतर बनाने का संकल्प लें। चाहे हमारे टेक्सटाइल हो, टेक्नोलॉजी हो या फिर इलेक्ट्रॉनिक्स, इवेन पैकेजिंग। इंडियन प्रोडक्ट का मतलब ही बन जाए टॉप क्वालिटी। हम संकल्प लें क्वालिटी में ना कोई कमी होगी ना क्वालिटी से*

*कोई समझौता होगा और मैंने तो लाल किले से कहा था जीरो डिफेक्ट, जीरो इफेक्ट। ऐसा करके ही हम विकसित भारत की यात्रा को तेजी से आगे ले जा पाएंगे।*

**प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के लोग 26 जनवरी को पर्व के रूप में मनाते हैं। बाइट.....**

*कल 26 जनवरी को हम सभी गणतंत्र दिवस का पर्व मनाएंगे। इसी दिन हमारा संविधान लागू हुआ था। 26 जनवरी का यह दिन हमें अपने संविधान निर्माताओं को नमन करने का अवसर देता है।*

**प्रधानमंत्री ने आजमगढ़ में तमसा नदी के संरक्षण के प्रयासों और आंध्र प्रदेश में अनंतनीरू संरक्षण परियोजना के लिए लोगों की सराहना की। बाइट.....**

*तमसा नदी को लोगों ने नया जीवन दिया है। तमसा केवल एक नदी नहीं बल्कि हमारी संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत की सजीव धारा है। यह नदी कभी इस क्षेत्र के लोगों के जनजीवन की धुरी हुआ करती थी लेकिन प्रदूषण की वजह से इसकी अविरल धारा में रुकावट आने लगी थी। इसके बाद यहां के लोगों ने इसे एक नया जीवन देने का अभियान शुरू किया और सब के प्रयास से नदी का पुनरुद्धार हो गया।*

**प्रधानमंत्री ने युवाओं से 18 वर्ष की उम्र प्री होने पर मतदाता के रूप में पंजीकरण कराने का आग्रह भी किया।**

———————————

**मथुरा जिले के वृंदावन स्थित चंद्रोदय मंदिर में आयोजित एक कार्यक्रम में आज भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम**

को सुना। इस दौरान श्री नवीन ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए सभी अपने–अपने बूथों को मजबूत कर पार्टी के लिये पुनः सत्तासीन होने का रास्ता प्रशस्त करें।

बाइट.....

*फरवरी महीने में भी हर बूथ पर हम मन की बात को सुनेंगे और माननीय प्रधानमंत्री जी का जो निर्देश रहता है उसके साथ–साथ हम अपने बूथ को भी मजबूत करेंगे। फिर से 2027 में योगी आदित्यनाथ जिस प्रकार से इस राज्य के विकास में लगातार लगे हैं, हम सब भी अगले 1 वर्ष जनता की सेवा में और तत्पर होकर काम करें ताकि हम इस राज्य को उत्तम राज्य बना पाएं।*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले 9 वर्ष के दौरान राज्य सरकार ने अपनी विकासोन्मुखी नीतियों से प्रदेश के विकास को नई गति दी है।

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आज पद्म पुरस्कारों की घोषणा की गई है। उत्तर प्रदेश के एन. राजम समेत देश के 5 लोगों को पद्म विभूषण से नवाजा जायेगा। वहीं 13 लोगो को पद्म भूषण और राज्य के 10 विभूतियों समेत 113 लोगों को पद्म श्री दिया जायेगा।

प्रदेश की जिन 10 विभूतियों को पद्म श्री पुरस्कार दिया जायेगा, उनमें रघुपति सिंह, चिरंजीलाल यादव, *मंगला कपूर*, डॉ0 श्याम सुन्दर, अनिल कुमार रस्तोगी, अशोक कुमार सिंह, बुद्ध रश्मि मणि, *केवल कृष्ण ठकराल*, *प्रवीण कुमार* और राजेन्द्र प्रसाद शामिल हैं। संगीत के क्षेत्र में पद्म पुरस्कार के लिये चयनित प्रोफेसर मंगला कपूर ने पुरस्कार के लिये सरकार का आभार जताया। बाइट.....

*खुश हूं अवार्ड पाके अनाउंस हुआ है जो बहुत ज्यादा खुश हूं। इतना संघर्ष किया है लगता है कि उसका जो परिणाम है इस रूप में मुझे उसका प्रतिक्रिया स्वरूप मिला सम्मान बहुत धन्यवाद करती हूं मैं राज्य सरकार और सभी का।*

———————————

77वें गणतंत्र दिवस को लेकर प्रदेश भर में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल कल सुबह विधान सभा के सामने परेड की सलामी लेंगी। राजधानी लखनऊ में गणतंत्र दिवस परेड को लेकर यातायात परिवर्तन और जगह जगह बैरिकेंडिग की गई है। प्रदेशभर में सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई है। बस अड्डे, रेलवे

स्टेशन, एयरपोर्ट और सार्वजनिक स्थलों पर चेकिंग की जा रही है।

वहीं बलरामपुर और पीलीभीत जिलों में भारत–नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सशस्त्र सीमा बल, पुलिस और नेपाल की आर्मड पुलिस फोर्स विशेष चौकसी बरत रही है। सीमा क्षेत्र में आवागमन करने वाले लोगों की चेकिंग के साथ–साथ संदिग्ध गतिविधियों, अवैध तस्करी और आपराधिक तत्वों पर खास नजर रखी जा रही है।

(समाप्त)